e-mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संचिका सं0 : 17 / स्था0 (कार्य वितरण) – 01 / 2011 .... **पटना, दिनांक :**

आदेश

बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अन्तर्गत संविदा के आधार पर सृजित विभिन्न पदों पर नियोजन की कार्रवाई निदेशालय द्वारा की गयी हैं। नियोजित संविदा कर्मियों की प्रतिनियुक्ति राज्य के विभिन्न बन्दोबस्त कार्यालयों में सर्वेक्षण कार्य हेतु किया गया है। इन कर्मियों का निदेशालय स्तर पर संधारित R2R Software में व्यक्तिगत सूचना कतिपय कारणों से अद्यतन नहीं हो रहा है, जिसके कारण कर्मियों द्वारा उपभोग किये जा रहे विभिन्न प्रकार के सुविधाओं का लेखा–जोखा संधारित नहीं हो पा रहा है।

निदेशालय स्तर पर R2R Software में सभी विशेष सर्वेक्षण संविदा कर्मियों की व्यक्तिगत संचिका संधारित की गई है। संधारित Software में विशेष सर्वेक्षण संविदा कर्मियों के विरूद्ध सभी कार्रवाई यथा स्पष्टीकरण, आरोप, अवकाश, सेवा समाप्ति एवं अपील अभ्यावेदन पर पुनः नियोजन संबंधी निर्गत आदेश की प्रतिलिपि संबंधित कर्मियों के व्यक्तिगत संचिका में अद्यतन किया जाना है।

अतः यह कार्य श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर को आवंटित किया जाता है। श्रीमती कुमारी को प्राप्त सूचनाओं को R2R Software में अद्यतन करने की पूर्ण जिम्मेवारी होगी।

2. सभी विशेष सर्वेक्षण संविदा कर्मी स्थापना शाखा / पटल को निदेशित किया जाता है कि सर्वेक्षण कर्मियों के विरूद्ध की गयी सभी प्रकार के कार्रवाई की प्रतिलिपि के रूप में श्रीमती कुमारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

3. यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

ह0 / –
(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक– 17 / स्था0 (कार्य वितरण)– 01 / 2011....1250.............. **पटना, दिनांक** :30/01/2023

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
30/01/23

D:\Jyoti-2023\Bablu Sir\Order\Director\01-2011 24-01-2023.doc